# बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह मरे

**मथुरा के यमुना एक्सप्रेस-वे भीषण हादसा**



**मथुरा 7 फरवरी. उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया.**

पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी. रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया. बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी. इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए. इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी.

टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी अस्लम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है.

### कार पलटी, दो उपनिरीक्षक समेत 4 लोग घायल

**सुलतानपुर.** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 97 पर शनिवार सुबह एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में गाजियाबाद में तैनात दो उपनिरीक्षक, एक अभियुक्त तथा चालक घायल हो गए. सूत्रों के अनुसार बिहार के रोहतास जनपद के डेहरी क्षेत्र निवासी विश्वकांत के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज था. उसे गिरफ्तार करने गाजियाबाद में तैनात उपनिरीक्षक अतुल व उपनिरीक्षक विपिन कुमार बिहार गए थे.

## पप्पू यादव की तबीयत बिगड़ी, कराया भर्ती

**पटना, 07 फरवरी.** बिहार की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. गिरफ्तारी के एक दिन बाद उनकी सेहत में आई गिरावट के चलते उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल से पीएमसीएच शिफ्ट किया गया है. डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है. इस घटनाक्रम से उनके समर्थकों और परिजनों में चिंता का माहौल है. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान से पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया है. डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया.

# संघ का उद्देश्य लोकप्रियता या सत्ता नहीं

**भागवत ने मुंबई में संघ शताब्दी समारोह को संबोधित किया**

**नागपुर,07 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को मुंबई में आयोजित संघ शताब्दी समारोह में कहा कि संघ किसी के विरोध या मुकाबले में नहीं बना और इसका उद्देश्य लोकप्रियता या सत्ता हासिल करना नहीं है.**

भागवत ने कहा कि देश में जो भी अच्छे काम हो रहे हैं, संघ उन्हें सफल बनाने में मदद करता है. उन्होंने संघ के स्थापना काल और संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के संघर्षमय जीवन की कहानी भी साझा की. आरएसएस शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख



मोहन भागवत ने संघ के मिशन, समाज में योगदान और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला. भागवत ने कहा कि संघ किसी अन्य संगठन के मुकाबले या विरोध में नहीं बना और इसका उद्देश्य लोकप्रियता या सत्ता प्राप्त करना नहीं है. उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, अगर आप संघ को जानना चाहते हैं, तो स्वयं अंदर आएं और देखें.

भागवत ने बताया कि देशभर में संघ के 1.3 लाख से अधिक छोटे-बड़े सेवाकार्य स्वयंसेवकों द्वारा किए जाते हैं. ये कार्य बिना सरकारी मदद के, स्वयंसेवकों के निजी संसाधनों और समाज के सहयोग से संपन्न होते हैं. संघ के काम का उद्देश्य पूरे देश—भारतवर्ष—के लिए है और यह केवल सामाजिक भलाई के लिए कार्य करता है. संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन की कहानी भी साझा की. भागवत ने बताया हेडगेवार ने 13 साल की उम्र में प्लेग के कारण दोनों माता-पिता खो दिए, आर्थिक कठिनाइयों का सामना किया.

## सोनिया के वकील ने कहा- नागरिकता पर आरोप सिर्फ राजनीतिक साजिश है

**नई दिल्ली, 07 फरवरी. कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में दावा किया कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाने वाली शिकायत राजनीतिक मकसद से और किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी.**



यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो 11 सितंबर, 2025 के मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था. जवाब दाखिल किए जाने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की. मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में राउज एवेन्यू अदालत की 'सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था. शनिवार को सोनिया गांधी की वकील तरन्नुम चीमा, कनिष्का सिंह और आकाश सिंह ने याचिका को खारिज करने का अनुरोध किया.


# सशक्त विधायक के साथ लोकतंत्र मजबूत

**बिहार में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा**

**पटना, 07 फरवरी. लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि हमारी प्रजातान्त्रिक प्रणाली में जितना सशक्त विधायक रहेगा लोकतंत्र और शासन उतना ही सशक्त और सकारात्मक बनेगा.**

श्री बिरला ने बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में 'सशक्त विधायक-सशक्त लोकतंत्र' विषय पर कहा कि जनता एक विधायक को चुनकर इसलिए भेजती है कि वह शासन में पारदर्शिता के साथ कम करे और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाए. उन्होंने कहा कि एक सक्षम विधायक शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाता है. लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की भूमि ऐतिहासिक है और यह लोकतंत्र के बीज हजारो साल पहले देखने को मिले थे. कहा कि गणतंत्र की जननी वैशाली बिहार में ही विराजमान है. उन्होंने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक धरती पर मौर्य साम्राज्य और नेतृत्व के प्रतीक सम्राट अशोक पैदा हुए.

श्री बिरला ने उपस्थित विधायकों से कहा कि आप सबको लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभ विधानसभा में जनता की सेवा करने का अवसर मिला है और उसका उपयोग देश और बिहार की राजनीतिक विरासत को आगे बढाने के लिए किया जाना चाहिए. कहा कि विधायकों को चाहिए कि समय समय पर राजनीतिक परिवर्तन में सहभागिता के साथ कम करें और इस बात का ध्यान रखें कि कैसे समाज मे आ रहे परिवर्तनों के अनुसार काम किया जाये. लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र को कैसे सशक्तिकरण करे, उसका मार्गदर्शन बिहार विधानसभा करेगी. उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता की इच्छा और आकांक्षाओं को नियमो के अंतर्गत पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए.



## ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की हड़ताल

**नई दिल्ली.** देशभर में शनिवार को ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े लाखों ड्राइवर हड़ताल पर हैं. ओला, उबर, रैपिडो और पोर्टर जैसे प्लेटफॉर्म्स से जुड़े गिग वर्कर्स घटती कमाई, बढ़ते शोषण और न्यूनतम किराया तय न किए जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे हैं. यूनियनों का दावा है कि सरकार की निष्क्रियता का फायदा उठाकर कंपनियां मनमानी कर रही हैं, जिसका सीधा असर ड्राइवरों की आजीविका पर पड़ रहा है. ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर देखने को मिल रहा है. तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स से जुड़े ड्राइवरों ने इस हड़ताल का आह्वान किया है.

# दिल्ली में 50 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**सप्लाई गैंग से जुड़े सात लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**नई दिल्ली, 07 फरवरी. दिल्ली पुलिस ने एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस रैकेट का नेटवर्क पांच राज्यों में फैला था. उनके कब्जे से 50 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ बरामद किया गया है.**

पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने और सप्लायरों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 48 किलो साइकोट्रॉपिक पदार्थ बरामद किए हैं, जिनकी ब्लैक मार्केट में कीमत 50 करोड़ रुपए से ज्यादा है. पुलिस ने बताया कि यह सिंडिकेट कथित तौर पर साइकोट्रॉपिक दवाएं बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल खरीदता था और कई राज्यों में बिना प्रिस्क्रिप्शन के रीपैकेजिंग और अवैध बिक्री के लिए बैन ड्रग्स की सप्लाई करता था.

पुलिस ने बताया कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में चलाए गए ऑपरेशन्स की एक सीरीज में लोकल डिस्ट्रीब्यूटर्स से लेकर इंटर-स्टेट तस्करों तक फैली सप्लाई चेन को खत्म कर दिया गया. जांच पिछले साल सितंबर में शुरू हुई थी, जब पुलिस को साइकोट्रॉपिक पदार्थों की एक बड़ी खेप की आवाजाही के बारे में खास जानकारी मिली थी.

# रिजिजू बोले-सांसदों का दायित्व कठिन

**पटना, 07 फरवरी. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि विशाल जनसंख्या और अनेक चुनौतियों के कारण भारत के सांसदों के दायित्व निर्वहन की जिम्मेदारी दुनिया के किसी भी अन्य देश के सांसदों की तुलना में ज्यादा कठिन है.**



श्री रिजिजू ने बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि भारतीय सांसदों के समक्ष आने वाली समस्याएं और संख्या का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत में लोकसभा का एक सांसद लगभग 25 लाख आबादी का प्रतिनिधि होता है, जबकि ब्रिटेन के 'हाउस ऑफ कॉमन्स' का एक सांसद केवल 90 हजार की आबादी का प्रतिनिधित्व करता है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और चीन की जनसंख्या लगभग समान है, लेकिन दुनिया का तीसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश अमेरिका है, जिसकी आबादी केवल 34 करोड़ है. उन्होंने कहा कि जनसंख्या में इस भारी अंतर के कारण भारतीय सांसदों का कार्य अमेरिका सहित दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो जाता है.

श्री रिजिजू ने कहा कि ब्रिटेन यात्रा के दौरान मुझे वहां के सबसे वरिष्ठ सांसद से मिलने का अवसर मिला, जो केवल 90 हजार आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं. आठ बार जीत हासिल करने वाले उस सांसद को ब्रिटेन में 'फादर ऑफ हाउस' कहा जाता है. उन्होंने कहा कि भारतीय सांसदों के समक्ष आने वाली समस्याएं अन्य देशों के सांसदों से बिल्कुल अलग होती हैं. भारत के लोग अपने सांसदों के पास भूमि विवाद, लंबित आपराधिक मामलों में जमानत दिलाने, नाले, सडक, पानी से जुड़े अनुरोध या अन्य बुनियादी जरूरतों जैसी समस्याओं के समाधान के लिए आते हैं.

## इस्लामाबाद मस्जिद ब्लास्ट में आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी

**31 मरे, 169 घायल; पाकिस्तान ने भारत को फटकारा**

**इस्लामाबाद, 07 पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शनिवार को शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती धमाके ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस हमले में 31 लोगों की मौत और 169 अन्य घायल हुए.**


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पाकिस्तान ने भारत और अफगानिस्तान को इस हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, जबकि भारत ने इसे पूरी तरह से निराधार करार दिया और कहा कि पाकिस्तान अपनी परेशानियों के लिए खुद को ही धोखा दे रहा है। इस्लामाबाद के शहजाद टाउन इलाके में जुमे की नमाज के दौरान हुए आत्मघाती ब्लास्ट ने लोगों में भय और चिंता की लहर दौड़ा दी। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया। इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 अन्य घायल हुए। घायल लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि रेस्क्यू टीम ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। विस्फोट के बाद मस्जिद और आसपास का इलाका खौफनाक मंजर दिखाया, जहां शव इधर-उधर बिखरे थे.

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी मंजूरी**

**वाशिंगटन, 07 फरवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं. यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं.**

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है.



इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं.

व्हाइट हाउस के अनुसार ये सभी कारक अमेरिकी सुरक्षा, उनके सहयोगियों और अमेरिकी हितों के लिए खतरा हैं. बयान में आरोप लगाते हुए कहा गया, ईरान पूरे मध्य पूर्व में प्रॉक्सी समूहों और मिलिशिया को समर्थन प्रदान करता है. इनमें वे संगठन भी शामिल हैं जो अमेरिकियों को हताहत करने और अमेरिकी सेना, क्षेत्रीय भागीदारों एवं सहयोगियों को सक्रिय रूप से निशाना बनाने में संलिप्त हैं .व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि ईरानी शासन द्वारा संसाधनों का कुप्रबंधन स्पष्ट है. वह अपने बुनियादी ढांचे और नागरिकों की भलाई के बजाय परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता है.

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने पूंछ दौरे की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली, 07 फरवरी. सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत्त सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची.**



सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया. उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की. अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गये। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज अहमद से मुलाकात की. यह मुलाकात विशेष थी क्योंकि दोनों पहले सेना में एक साथ सेवा कर चुके हैं। जब वर्ष 2002 से 2005 के बीच जनरल द्विवेदी बटालियन के कमांडिंग अफसर थे.

### आज का इतिहास

1872-अंडमान जेल (सेल्यूलर जेल या कालापानी) में शेर अली ने गवर्नर पर हमला करके शहादत प्राप्त की।

1897-भारत के तीसरे राष्ट्रपति डा़ जाकिर हुसैन का जन्म।

1905-हैती और उसके आस पास के द्वीप समूहों पर आये जबरदस्त चक्रवाती तूफान से दस हजार लोगों की मौत।

1909-यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी के बीच मोरक्को संधि पर हस्ताक्षर किये गये।

1941-गजलों की दुनिया के बादशाह जगजीत का जन्म।

1943-स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के केल से एक नौका के जरिये जापान के लिये रवाना हुये।

# भारत लक्ष्य की ओर बढ़ रहा : अमित शाह

**जम्मू में प्रगति की समीक्षा बैठक में बोले गृहमंत्री**

**जम्मू, 7 फरवरी. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की.**

बैठक के दौरान, केन्द्रीय गृह मंत्री ने सड़क बुनियादी ढांचे, जल विद्युत परियोजनाओं, बिजली, उद्योग, पर्यटन, 4जी और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास की व्यापक समीक्षा की। बैठक में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्र सरकार और जम्मू और कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. केन्द्रीय गृह मंत्री



अमित शाह ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत सरकार, एक विकसित और समृद्ध जम्मू और कश्मीर के विजन के प्रति कटिबद्ध है. मोदी सरकार द्वारा विकास में तेजी लाने के लिए किए जा रहे निरंतर और समर्पित प्रयासों से जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं में अभूतपूर्व प्रगति हुई है. जम्मू कश्मीर को जल विद्युत परियोजनाओं की पूरी क्षमता को विकसित करने की जरूरत है. सरकार की जनकल्याण योजनाओं का 100 फीसदी सैचुरेशन प्राप्त करना और परियोजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिलना सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाए. मंत्री ने कहा कि युवाओं को विकास के साथ जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने और स्पोर्ट्स अकादमियों की स्थापना पर ध्यान दिया जाए.

### एक नजर में

## जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 की मौत

**टोक्यो, 07 फरवरी.** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आयी. बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं; इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं. कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है. पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई. आओमोरी प्रांत में बर्फ की गहराई 4.6 मीटर (15 फीट) से अधिक हो गई, जबकि होक्काइडो की राजधानी साप्पोरो में यह 1.1 मीटर (3.6 फीट) से अधिक हो गई.

## फिल्म के विरोध में ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन

**आगरा, 7 फरवरी.** 'घूसखोर पंडित' शीर्षक से जारी वेब फिल्म के विरोध में शनिवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने यहां आवास विकास कॉलोनी क्षेत्र स्थित परशुराम चौक पर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया. कुछ लोगों ने अर्धनग्न होकर शंखनाद भी किया. उनका कहना था कि फिल्म के शीर्षक से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं. प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि फिल्म पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो विरोध जारी रहेगा तथा आवश्यक होने पर न्यायालय की शरण ली जाएगी.

**बयान** भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को ऐतिहासिक कदम बताया

# 'मेक इन इंडिया' को मिलेगी नई गति : योगी



**लखनऊ, 7 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है.**

उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी. मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है. इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति श्रृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी. योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा.

### बुजुर्गों का पूछा हाल, बच्चों संग किया संवाद

**पंचूर.** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया. शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया. इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया. उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की.

# गांवों में दुग्ध उत्पादन समिति का होगा गठन

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया निर्णय**

**पटना, 07 फरवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बताया कि सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है, जिससे पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके.**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने राज्य के पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक बड़ी घोषणा की है. मुख्यमंत्री श्री कुमार



ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय कृषि में प्रगतिङ्कप्रदेश में समृद्धि के तहत राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति का गठन किया जाएगा. इस फैसले का उद्देश्य डेयरी उद्योग को बढ़ावा देना और पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य दिलाना है.

उन्होंने कहा कि शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के अंदर दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया गया है. इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में वृद्धि होगी. श्री कुमार ने बताया कि सात निश्चय-2 के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है. राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं.

## रूस से तेल खरीद पर भारत का रुख कायम

**नई दिल्ली.** अमेरिका के बार-बार किये जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतरर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है. सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है. रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा.